**खबर संक्षेप**

## मंडला के शौर्य मिश्रा ने जीता स्वर्ण पदक, श्रीनगर में होंगे नेशनल के लिए रवाना



**मण्डला।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय वूशु प्रतियोगिता में मंडला जिले के शौर्य मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता 4 से 8 अक्टूबर तक स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई थी। कोच पूर्णिमा रजक ने बताया कि मंडला जिले से चार खिलाड़ियों ने जबलपुर संभाग की टीम के साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया शौर्य मिश्रा (65 किग्रा), साद रहमान (56 किग्रा), श्रेयांश चौरसिया (48 किग्रा) और लक्ष्य लाहोरिया (60 किग्रा)। शौर्य मिश्रा ने अपनी उत्कृष्ट फाइट से स्वर्ण पदक जीतकर मंडला जिले का नाम रोशन किया। अब वे श्रीनगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय शालेय वूशु प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, साद रहमान ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिलेभर के खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**एक रायल्टी पर हो रहा कई मर्तबा परिवहन**

# शासन को हो रहा करोड़ों का नुकसान

*** भण्डारण ऐसा कि खत्म ही नहीं होता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



एक समय था कि खनिज के उत्खनन में परिवहन पर मण्डला जिले से मध्यप्रदेश शासन को भारी भरकम राजस्व की प्राप्ति होती थी लेकिन पिछले कुछ वर्षो से स्थिति बदली हुई है। अब शासन को रायल्टी की राशि पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रही बल्कि मोटा माल बीच के बिचौलिये एवं विभाग के अधिकारियो के बीच ही बंटकर रह जा रहा है। ऐसा नहीं कि इससे शासन के प्रतिनिधि अंजान हों लेकिन कहीं न कहीं उनकी मूक सहमति ही इस तरह की अव्यवस्था को अंजाम देती नजर आ रही है।

जिले में रेत का उत्खनन कुछ लोगों के लिये ऐसा व्यवसाय है जिनका पूरा-पूरा एकाधिकार इस धंधे में नजर आता है वे जहां चाहें उस खदान से जैसी चाहें वैसी स्थिति से रेत उत्खनन कर सकते हैं। नियम तो यह है कि नदी के अंदर से रेत का उत्खनन नहीं किया जा सकता लेकिन जिले में बाकायदा नदी के अंदर बड़ी-बड़ी मशीनें लगाकर रेत निकाली जाती है और परिवहन की जाती है।

### खदान का रकबा कोई महत्व नहीं रखता

खनिज के उत्खनन की किसी भी खदान की जब नीलामी की जाती है तो उसका रकबा सार्वजनिक किया जाता है कहने का आशय कि उक्त खदान का कितना क्षेत्र है जहां से उक्त खनिज का उत्खनन किया जा सकता है और इसका बाकायदा खसरा नक्शा निर्धारित होता है और उसी आधार पर ठेकेदार नीलामी के माध्यम से खदान लेते हैं। विभाग की यह जिम्मेदार होती है कि किसी भी स्थिति में उक्त रकबे के बाहर से खनिज का उत्खनन न किया जाये लेकिन पिछले कुछ समय से अब तो निर्धारित रकबे का कोई महत्व ही नहीं रह गया अब तो ठेकेदार एवं पहुंच वाले लोग जहां चाहे वहां से खनिज उत्खनन कर रहे हैं।



इस तरह के मामलों की अनेकों बार शिकायतें की गई फोटो एवं वीडियों सार्वजनिक किये गये लेकिन मजाल है कि प्रशासन इस दिशा में कोई कार्यवाही करे।

### भण्डारण को लेकर अजब स्थिति

बारिश के दिनों में नदियों में बाढ़ की स्थिति रहती है लिहाजा रेत का उत्खनन संभव नहीं होता यही कारण है कि बारिश के पूर्व ही इतनी बड़ी मात्रा रेत निकालकर भण्डारित कर ली जाती है कि उसे पूरे बारिश के सीजन के दौरान आराम से बेचा जा सके और तो और भण्डारण की जो अनुमति ली जाती है उसमें स्थान एवं मात्रा निर्धारित होती है लेकिन उक्त भण्डारण से लगातार परिवहन तो होता रहता है लेकिन भण्डारण की मात्रा है कि कम ही नहीं होती। आखिर यह कौन सा चमत्कार है इसे तो खनिज माफिया या खनिज विभाग ही बता सकता है।

### नर्मदा नदी से नियम विरूद्ध उत्खनन

नर्मदा नदी को मध्यप्रदेश शासन ने जीवंत इकाई माना है और उच्च न्यायालय का यह आदेश भी है कि नर्मदा नदी के अंदर से रेत का उत्खनन न किया जाये इसके बावजूद जिले में नर्मदा नदी में रेत खदान स्वीकृत की गई उसकी नीलामी की गई और नर्मदा नदी के अंदर से रेत का उत्खनन भी कराया गया। यह सब शासन प्रशासन के सामने होता रहा और सभी मूक बने बैठे रहे। अति तो ऐसी कि हजारों ट्राली मिट्टी मुर्रम नर्मदा नदी के अंदर डालकर न केवल माँ नर्मदा की धारा को प्रभावित किया गया बल्कि ऐसे रास्ते बनाये गये कि इस तट से उस तट तक भारी भरकम डम्फरों की आवाजाही आसान बना दी गई लगातार मीडिया में इस तरह की खबरें प्रकाशित होती रही लेकिन मजाल है कि प्रशासन इसे गंभीरता से लेता।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दी मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से 16 मासूम बच्चों की मौत ने पूरे मध्य प्रदेश को गहरे दुख में डाल दिया है। यह घटना सरकार और प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष अशोक मशकोंले के आदेश पर आज नारायणगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बस स्टैंड नारायणगंज में कैंडल मार्च कर बच्चों को श्रद्धांजलि दी गई एवं सरकार का विरोध कर उग्र आंदोलन की बात कही गई उक्त कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मांगन लाल सोनी सचिव रघुनंदन विश्वकर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजुल ज्योतिसी युवा ब्लॉक अध्यक्ष रितेश सोनी प्रिंस अग्रवाल सुमित सोनी सुबोध सोनी हिरदेश साहू बसंत चक्रवर्ति दीपचंद विश्वकर्मा अंतराम चिराईडोंगरी मंडलम के समस्त बी एल ए मुकेश सोनी सुरेंद सिंगरौरे सुरेन्द्र सोनी राजू लाल सिंगरोरे मनीष बर्मन सौरभ साहू आदि उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के विरूद्ध भी जारी है आक्रोश

मध्य प्रदेश में हो रहे पेपर लीक के मामले एवं अभी ताजा-ताजा हुए कफ सिरप से मृत्यु की कहानी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के पेट में हजम नहीं हो पा रही है, लगातार हो रहे मध्य प्रदेश में घोटाले पर मध्य प्रदेश के सीएम की चुप्पी बता रही है कि मध्य प्रदेश किस ओर भ्रष्टाचार की डगर में आगे बढ़ता जा रहा है।

### मध्यप्रदेश में बढ़ती शराब की दुकान है

मध्यप्रदेश के हाल सभी को पता है, जिला के ग्राम पंचायत में शराब की लाइसेंस की दुकान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा खोली जा रही है जिसके कारण युवा वर्ग शराब पीकर बर्बाद हो रहा है इसके चलते मध्यप्रदेश शासन को टैक्स मिल रहा है परंतु लोगों के घर बर्बाद हो रहे जिस पर शासन का कोई ध्यान नहीं है।

### चाबी मोहगांव में संयुक्त दल की दबिश, अवैध शराब बरामद

**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे के निर्देशन में शुक्रवार को राजस्व, आबकारी और पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा चाबी (मोहगांव) में अन्नपूर्णा ढ़ाबा और एक अन्य दुकान में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री की 21 पाव जीनियस व्हिस्की, 6 कैन पावर बियर, 29 पाव देशी मदिरा प्लेन जप्त कर विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

### बम्हनी बंजर में मिठाई दुकानों से लिए गए सैंपल, घरेलू सिलेंडर जप्त

**मण्डला।** कलेक्टर सामेश मिश्रा के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला श्रीमती सोनल सिडाम के मार्गदर्शन में आज खाद्य विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बम्हनी बंजर क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। टीम ने स्थानीय मिठाई दुकानों से जांच के लिए मिठाई के नमूने लिये तथा कुछ प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, जिस पर संबंधित विभाग द्वारा जप्ती की कार्यवाही की गई। जांच टीम ने दुकानदारों को स्वच्छता मानकों का पालन करने, प्रमाणित सामग्री के उपयोग और गैस सिलेंडर के नियमानुसार प्रयोग की हिदायत दी। इस मौके पर खाद्य विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडला पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरूकता अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में मंडला पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

10 अक्टूबर को चौकी मनेरी थाना बीजाडांडी द्वारा पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल मनेरी में, नैनपुर थाना द्वारा विवेकानंद स्कूल, चौकी अंजनिया में माधोपुर हाईसेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, विशेष रूप से व्हाट्सऐप हैकिंग एवं फिशिंग लिंक द्वारा होने वाली ठगी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सायबर अपराध एवं हेल्पलाईन नंबर 1930 के संबंध में बताया गया।

## कोलड्रिफ सिरप से हुई बच्चों की मौत के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने निकाला कैंडल मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

विगत दिवस छिंदवाड़ा जिले में मिले जहरीली कप सिरप से 16 मासूम बच्चों की मौत हो गई कई बच्चे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है, जीतू पटवारी अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन परिवारों से मुलाकात की स्वयं घटना स्थल पर पहुंच कर उन परिवारों को सांत्वना भी व्यक्त की बच्चों की दुखद मौत को लेकर प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिला ब्लॉक स्तरों पर 9 अक्टूबर 2025 को केंडल मार्च निकाला गया एवं मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला से इस्तीफा की मांग की गई। इस तारतम्य में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के द्वारा केंडल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी जोश सिंह ठाकुर, शिवानन्द गोस्वामी, टेकराम राय, नीरज मिश्रा, दादा भाई विश्वकर्मा, दादू लाल जंघेला समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**व्रत** | **पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं ने किया व्रत।**

# पारंपरिक रस्मों के साथ मना करवा चौथ

*** चलनी से किया पति का दीदार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



हिन्दू धर्म की आस्था और पारंपरिक संस्कारों से ओतप्रोत करवा चौथ का पर्व आज जिले में पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए महिलाओं ने व्रत रखा और पारंपरिक रस्मों का निर्वहन किया।

इस अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक पूजा-अर्चना के आयोजन किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर हिस्सा लिया। महिलाएं पूजा की थाली, छलनी, लोटा, गिलास सहित सजाई-संवरी पूजन सामग्री लेकर एकत्रित हुईं। पूजा के दौरान करवा माता की आराधना की गई और इससे संबंधित पारंपरिक कथा का वाचन भी हुआ।



गरिमा खरबंदा ने बताया कि हर साल हम करवा चौथ की सामग्री को सजाने में विशेष उत्साह रखते हैं। यह सिर्फ एक परंपरा नहीं बल्कि भावनाओं से जुड़ा त्यौहार है, जिसमें पति के दीर्घ जीवन और परिवार की खुशहाली के लिए हर महिला मन से पूजा करती है।

इस अवसर पर महिलाओं में मेहंदी डिजाइन का भी खास उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने अपने हाथों में पति-पत्नी की तस्वीर और करवा चौथ से जुड़े कैप्शन की डिजाइन बनवाई। यह नया ट्रेंड इस बार के करवा चौथ का आकर्षण बना हुआ है।

सीमा खरबंदा ने बताया कि हमारे यहां पिछले 40 वर्षों से पड़ाव वार्ड में सामूहिक पूजा का आयोजन होता आ रहा है। इसमें महिलाएं सरगी, सुहाग और पूजन सामग्री लेकर गौरी माता की पूजा करती हैं। वीरोबाई कथा का वाचन किया जाता है और पारंपरिक रीति से थाली सजाकर पूजा अर्चना की जाती है।

इस बार आयोजित पूजा में करीब 40 महिलाएं शामिल हुईं, जिनमें कई नवविवाहिता महिलाएं भी थीं जिन्होंने पहली बार यह व्रत रखा। खरबंदा परिवार ने इस परंपरा को वर्षों से संजोकर रखा है और आने वाली पीढ़ियों को भी यह सांस्कृतिक धरोहर सौंप रहे हैं।

करवा चौथ का यह पर्व न केवल पति-पत्नी के अटूट प्रेम का प्रतीक है, बल्कि भारतीय संस्कृति की गहराई में बसे पारिवारिक मूल्यों और धार्मिक भावनाओं को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है।

## गर्भवती महिला, पुरूष सदस्य व पिता संवेदीकरण अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में आठवे राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन जन आंदोलन के रूप में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज की थीम नव-चेतना के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था जपउनसंजपवद एवं गर्भवती महिलाओं के लिए गृह भ्रमण-पुरूष सदस्य/पिता संवेदीकरण अभियान का आयोजन परियोजना स्तर व सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका घर-घर जाकर 0-3 वर्ष के बच्चों के परिवारों से मिलकर पिता/पुरुष सदस्य को बाल विकास में उनकी भूमिका के महत्व को समझाते हुये बच्चों के लिए प्रारंभिक संवेदनात्मक विकास से जुड़ी बातों को बताया। बच्चे से बात करना, गाना गाना, रंग-बिरंगी चीजें दिखाना, प्यार से गोद में लेना, पिता को बच्चे के साथ समय बिताने जैसी आदि बातों के महत्व को समझाते हुये उन्हे प्रेरित किया गया। गर्भवती महिला से गृह भेंट कर पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल के लिए सही समय पर टीकाकरण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच की सलाह दी गई। प्रतिदिन संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने तथा पर्याप्त आराम के साथ डॉक्टर द्वारा सुझाए गए हल्के व्यायाम की सलाह देते हुए। मातृ शिशु रक्षा कार्ड, सुरक्षित प्रसव के लिए तैयारी के बारे में बताया गया। गर्भवती माताओं का वजन एवं रक्तचाप भी लिया गया। नियमित आयरन फोलिक एसिड के सेवन की सलाह दी गई। उक्त कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थों के खिलाफ सांईखेड़ा पुलिस की लगातार तीसरी सफलता दो युवकों के पास से जप्त किया गया 2 लाख से अधिक कीमत का गांजा






हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

कहा जाता है कि यदि क्षेत्र के पेहरेदार अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वाहन करने लगे तो अपराधिक कृत्यों को अंजाम देने वाले लोगों की हिम्मत नही रह सकती है कि वह किसी अवैध कार्यो को अंजाम देने में सफल हो जावे। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सांईखेड़ा थाना क्षेत्र में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा अपनी टीम में शामिल अपराधिक कृत्यों को अंजाम देने वालों के लिये एक ही नजर में पहचानने के लिये माहिर माने जाने वाले प्र आ भास्कर पटैल व आरक्षक दिनेश पटैल के साथ मिलकर मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार डंडा घुमाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है और इसी का परिणाम है कि सांईखेड़ा पुलिस के हाथ लगातार तीसरी सफलता लगने के चलते दो आरोपियों के पास से दो लाख कीमत से अधिक राशि का गांजा जप्त करने एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। सांईखेड़ा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का खुलासा करते हुये बीते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि इस समय जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा संपूर्ण थाना प्रभारी को मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिसे सख्त आदेश जारी करते हुये ऑफरेशन ईगल क्ला का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस सांईखेड़ा थाना प्रभारी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की सांईखेड़ा झिकोली रोड पर बंद पड़े हुये विनायक ढ़ावा के सामने दो व्यक्ति कुछ मादक पदार्थो का विक्रय करने की जुगाड़ में घूम रहे है। इस सूचना से थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों को माल सहित पकड़ने के लिये निर्देश दिये जाने के चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के दिशा निर्देष व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में एक टीम का गठन किया गया। बनाई गई इस टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी एस आई प्रकाश पाठक के अलावा सउनि सतीश सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, गजराज सिंह ठाकुर, आरक्षक दिनेश पटेल, सुदीप बागरी, हिमांशु वर्मा, शिवकुमार पटेल एवं म.आर. कुमुद पाठक को शामिल किया गया था। बनाई गई यह टीम जब मौके पर पहुंची तो दो युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करते हुये दिखाई दिये जाने से इस टीम द्वारा संदिग्धों की नाकाबंदी करते हुये पकड़कर जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम राहुल पिता पप्पू बेलवंशी उम्र 29 साल व शिवम पिता जुगराज कहार उम्र 23 साल दोनों निवासी ग्राम चांदौन थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम के निवासी होना बताया गया। वही पुलिस द्वारा पकड़े गये युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से पुलिस को 10.2 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 5 हजार रूपया आंकी जा रही है। इस तरह पुलिस द्वारा आरोपियों के पास से गांजा जप्त करते हुये एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये आरोपियों को गिरप्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार वह इतनी अधिक मात्रा में मादक पदार्थ गांजा कहा से लेकर आये हुये थें और क्षेत्र में किसको विक्रय करने की जुगाड में घूम रहे थें। इस तरह सांईखेड़ा पुलिस द्वारा जिस तरह से दूसरे जिले यानि की समीपस्थ नर्मदापुरम जिले के आरोपियों के पास से गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की गई है इससे यह बात तो उजागर हो चुकी है कि बनखेड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस तरह मादक पदार्थो का अवैध कारोबार पूर्ण चरम पर चल रहा है। इसी के चलते यहां के कारोबारी अब अपने अवैध कारोबार को नरसिंहपुर जिले में फैलाने से भी नही चूक रहे है। क्योंकि सांईखेड़ा पुलिस की सफलता ने निश्चित तौर से समीपस्थ बनखेड़ी पुलिस की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली को भी उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पति पत्नी घायल




हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। क्षेत्र की सड़को पर बेलगाम गति से दौड़ रहे वाहनों की गति पर प्रशासन अंकुश लगाने में असफल रहने का परिणाम है कि आये दिन क्षेत्र में दुर्घटना घटित होना आम बात हो चुकी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस स्टेट हाईवे 44 आयरा वेयर हाऊस के समपी देखने मिली जब समीपस्थ ग्राम बरेली कठौतिया निवासी पति पत्नि मोटर साईकिल से अपने किसी काम से कही जा रहे थें। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन द्वारा दोनों को टक्कर मारते हुये मौके से भागने में सफल हो गया। वही इस घटना में घायलों की पहचान सन्नू चौधरी व महिला की पहचान ममता पति सन्नू चौधरी के रूप में की गई। वही मौके पर मौजूद लोगों की मदद के साथ घायल पति पत्नी को उपचार हेतु शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र सांईखेड़ा ले जाया गया।

### आये दिन एटीएमों राशि खत्म होने से परेशान हो रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। देश के प्रधान मंत्री द्वारा भारत देश को डिजीटल बनाने की सोच रखते हुए सभी व्यक्तियों को बैक खाते खुलवाने की शुरूआत करते हुए उनका लेनदेन करने के लिए एटीएम कार्डो की व्यवस्था दी गई है। इसी के चलते नगर में लगभग सभी बैकों द्वारा अपने एटीएम तो स्थापित किये गये है, मगर बैकों द्वारा एटीएम को लेकर बरती जा रही उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं को आये दिन परेशान होना आम बात बन चुकी है। क्योंकि उपभोक्ताओं की सोच रहती है कि वह अपने साथ ज्यादा राशि लेकर इसलिए नही चलते है कि बैकों द्वारा प्रदान किये गये एटीएम कार्डो के माध्यम से जरूरत पड़ने पर राशि निकाल सकते है। मगर नगर में स्थापित एटीएमों में आये दिन देखा जाता है कि राशि खत्म होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशान होने के लिए मजबूर होना, क्योंकि एटीएमों की रख रखाबों में बैको द्वारा बरती जा रही लापरवाही का ही परिणाम है कि न तो उनके द्वारा स्थापित किये गये ए टी एमों के पास न कोई सुरक्षा गार्ड रहता है और न ही कोई ऐसा व्यक्ति नगर में भ्रमण करते हुए दिखाई देता है जब एटीएम के अंदर राशि समाप्त हो जाती है तो उसकी सूचना पहुंचाते हुए राशि डालने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। इस प्रकार से देखा जा रहा है कि 24 घंटे में मात्र एक बार ही निर्धारित राशि डाले जाने के कारण वह चंद घंटों में समाप्त होने की स्थिति में दिन दिन भर उपभोक्ताओं को एक ए टी एम से दूसरे ए टी एम तक भटकने के बाद भी खाली हाथ रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### पशु केन्द्रों में आये दिन लटके दिखाई पड रहे ताले, इस सीजन में फैलती है बीमारी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य करने वाले लोगों को उनके पालतू पशुओं का जरूरत पड़ने पर समय समय पर इलाज होने के साथ साथ पशु संबंधी जरूरी जानकारियों प्राप्त करने के लिए जहां तहां पशु केन्द्र स्थापित किये गये है। मगर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित इन पशु केन्द्रो में अधिकांश समय मात्र ताला लटका होने के कारण जहां यह मात्र शोभा की सुपारी बन कर रहे गये है?



## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेक बैठक में समिति प्रभारियों को दिये गये जरूरी दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय पुराने कॉलेज खेल मैदान पर क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से लगातार दूसरे वर्ष भी प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन की सौगात मिली है। इसी के चलते 13 अक्टूबर सोमवार से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 के आयोजन की तैयारियों को लेकर स्थानीय शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियो की बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक में आयोजन से जुडी विभिन्न गठित समितियों के प्रभारी, सह प्रभारी आदि उपस्थित रहे। बैठक में आने वाली टीमों की आवास एवं भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, मैदान की बैरिकेटिंग, वॉलीबॉल कोर्ट की तैयारी के आलवा उद्घाटन एवं समापन समारोह की मंच व्यवस्था, परिवहन प्रबंधन तथा बालिका वर्ग की सुरक्षा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे ने निर्देशित किया कि प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक व्यवस्था समय पूर्व पूर्ण हो ताकि प्रतिभागी टीमों और दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में सहायक संचालक चीचली श्रीमती नीलम मरावी ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की गरिमा और खेल भावना को प्रदर्शित करेगा इसलिए सभी समन्वय पूर्वक कार्य करें। बैठक में प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या ने आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी एवं समितियों के प्रभारियों से सुझाव लिए। वही दूसरी ओर आयोजित की गई इस बैठक में प्राचार्य एस. के. मिश्रा, ए के रघुवंशी,सुनीता पटेल, सुशील शर्मा,एन पी साहू,लेखा कौरव, बीआरसी डी के पटैल, संदीप स्थापक, वीरेंद्र राजपूत,आर पी महिलॉंग, गजेंद्र कौरव, संदीप मेहरा,रुक्मणि ठाकुर, हेमंत शुक्ला,पीटीआई मुकेश पटेल, विक्रम शर्मा, मधुसूदन पटैल, आरिज खान सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से यह विश्वास व्यक्त किया कि समन्वित प्रयासों से राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सफल, सुरक्षित और गरिमापूर्ण रूप से संपन्न होगा।

## अपने पति को सदा ही चंद्रमा की तरह चमकने के लिये करवा चौथ सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख मांगा अटल सुहाग का वरदान




हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

हिन्दू संस्कृति में महिलाओं के लिए सबसे प्रिय त्यौहार करवा चौथ का त्यौहार शहर में कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी यानि की कल शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस वर्ष इस त्यौहार की खास बात यह थी कि सर्वार्थ सिद्धि योग तथा माँ संतोषी के प्रिय दिवस एवं गणेश चतुर्थी के बीच त्रिवेणी संगम लेकर विशेष फलवती लेकर आया था, जिसके कारण सुहागिनी महिलाओं में करवा चौथ का त्यौहार मनाने का जबर्दस्त उत्साही दिखाई दे रहा था ओर वे सज संवर कर अपने पतियों को आकर्षित करने, घरों में खुशियाँ बिखरने कोई कोर कसर बाकी नही रखना चाह रही थी। जिसके चलते देखा गया कि सुबह सुहागिनी महिलाओं ने स्नान कर संकल्प लेने के बाद करवा चौथ के निर्जला व्रत धारण कर और ढलती संध्या के समय अपने घरों के अंगनों में स्थापित मिट्टी के बायना भरे करवो भगवान शिव, माता पार्वती का विधि विधान से पूजन कर माता पार्वती को चुनरी, बिंदी, सुहाग सामग्री अर्पित कर उनके प्रार्थना कि वे उनके पतियों को शक्ति, सुख शांति प्रादन कर दीर्घजीवी बनायें। सुहागिनी महिलाओं ने माता पार्वती, भगवान शिव, श्रीगणेश का स्मरण कर तेरह गेंहू के दाने हाथ में रख पंडितों से करवा चौथ की कहानी सुनी, आकाश में चंद्रोदय होने के बाद सुहागिनी महिलाओं ने भगवान चंद्रमा का रोली, चांवल, फूल चढ़ाकर पूजन कर छलनी के जरिए चंद्र दर्शन किया और भगवान चंद्रमा से अपने अटल सुहागवती रहने का बरदान मांगा। वही बुजुर्गो का पैर छूकर आर्शीवाद लेने के बाद महिलाओं ने उनके सुख, दुख के साथी अपने पतियों का चरण स्पर्थ कर उनके हाथों से पानी पीकर करवा चौथ का निर्जला व्रत समाप्त किया। इस तरह से करवा चौथ के दिन शुक्रवार को शहर का बाजार गुलजार रहा और सुहागिनी महिलाओं ने अपने परिवारजनों को कई तरह के व्यंजन खिला अपने घरों के वातावरण को मधुर बनाया तथा अपने पतियों का छलनी के माध्यम से चेहरा निहारते हुये अपना व्रत समाप्त किया गया। नगर में देखा गया कि चंद्रमा के उदय होते हुये ही छतों पर जहां महिलाओं के झुंड नजर आने लगे थें और अपने सजे सबरे हुये पतियों को चेहरा देखते हुये आनंदित होकर उनकी पूजन करते हुये दिखाई पड़ने का नजारा देर रात तक चलता रहा। मगर इस दौरान देखा गया कि आसमान पर कुछ देरी से छिटके हुये चंद्रा मामा से ब्रत धारण करने वाली महिलाओं को काफी परेशान करने के साथ अपने दर्शन देने में इंतजार कराया गया।

## राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति हेतु चयन परीक्षा कल



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

क्षेत्र के शासकीय/ शासकीय अनुदान प्राप्त /स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में सत्र 2025-26 में कक्षा 8वीं में नियमित अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन कल 12 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 10:45 बजे से क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली विकासखंडों के परीक्षा केंद्रों पर किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु साईंखेड़ा ब्लॉक के लिए बीटीआई स्कूल गाडरवारा मे 355 एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा मे 122 तथा चीचली ब्लॉक के लिए बनाए गए उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 331, शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 179 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव के केंद्र पर 179 छात्र छात्राएँ परीक्षा देंगे। इसके अलावा क्षेत्र के चाँवरपाठा ब्लॉक अंतर्गत बोहानी के राघव कृषि उ मा विद्यालय के केंद्र पर 249 छात्र छात्राएँ परीक्षा में शामिल होंगे। बताया जाता है कि उक्त परीक्षा में चयन उपरांत पात्र विद्यार्थियों को 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। यह परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन पहले ही भरवाए जा चुके है। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में सुबह 10:45 बजे से 12:30 तक मानसिक योग्यता परीक्षण एवं 12:30 बजे से 2:15 बजे तक शैक्षिक योग्यता परीक्षण के प्रश्नपत्र छात्र छात्राएँ हल करेंगे। सहायक संचालक सीमा डोंगरे, नीलम मरावी , बीआरसी डी के पटैल एवं संदीप स्थापक ने परीक्षा के लिए छात्र छात्राओं से उपस्थिति की अपेक्षा जताई गई है।

## विकासखंड प्रबंधन ईकाई की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार की सोच के चलते समय समय पर बैठकों का आयोजित करते हुये अधिकारियों द्वारा जरूरी दिशा निर्देष दिये जाते है। इसी के चलते साईंखेड़ा विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रबंधन ईकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीआरसी साईंखेड़ा संदीप स्थापक ने कल 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप चयन परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति, विकसित भारत विल्डाथान रजिस्ट्रेशन, ग्राम/बसाहट में चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों के सर्वे संबंधित पार्ट बी फीड करने, एफएलएन मेले का आयोजन, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना , एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, जिज्ञासु किट उपयोगिता, इत्यादि बिंदुओं पर निर्देश दिये गये। वही इस बैठक में बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया ने छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, ऊर्जा संरक्षण संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता, शाला संचालन में नियमितता, ड्रॉपबॉक्स, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, मैपिंग प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल कार्य संबंधी विषयों पर चर्चा की। इस बैठक मे एमआईएस वेदप्रकाश राजपूत, लेखापाल दीपक आरसे, जनशिक्षक दीपक स्थापक,प्रमोद पठारिया, नेपाल झारिया, देवी सिंह कीर, आजाद कौरव, बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान, प्रदीप मालवीय, सुरेन्द्र राजपूत, अवधेश पटैल आदि उपस्थित रहे।

### वाहन ट्रांसफर सूचना

सीमा कोचर पति स्वर्गीय श्री कमल कोचर आयु 53 साल निवासी राधा बल्लभ वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. द्वारा नोटरी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत करते ये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ।

यह है कि मुझ शपथकर्ता के पति कमल कोचर आ. कपूरचंद जी कोचर के नाम से एक वाहन (4 पहिया) मैगा ग्रे अटटीका है जिसका रजिस्टेशन नम्बर एम.पी. 09 - डी.ए. - 4629 (MP 09-DA-4629) है। मुझ शपथकर्ता के पति कमल कोचर का निधन दिनांक 30-06- 2025 को हो गया है। शपथकर्ता अपने स्व. पति कमल कोचर के नाम से दर्ज उक्त वाहन को अपने नाम ट्रांसफर (नामांतरण) करना चाहती है।

शपथकर्ता
सीमा कोचर पति स्वर्गीय श्री कमल कोचर
निवासी- राधा बल्लभ वार्ड गाडरवारा
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

### इश्तहार (आम सूचना)

मैं मेरी पक्षकार श्रीमती सपना मालवीय पत्नी विजय मालवीय निवासी कौड़िया तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर हाल निवासी टीकमगढ़ मोबाईल नंबर 9685590520 की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्व साधारण में यह सूचित और प्रकाशित करता हूं कि मेरी पक्षकार के पति विजय मालवीय आत्मज स्व. जगदीश मालवीय निवासी कौड़िया तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर से मेरी पक्षकार का विवाद न्यायालय में चल रहा है` विजय मालवीय द्वारा मेरे पक्षकार की SBI बैंक गाडरवारा के खाता क्रमांक 41309110226 पर जारी चेकबुक क्रमांक 766651 से 766660 तक की सीरीज की चेकबुक को अपने पास रखते हुये उसका दुरूपयोग किया जा रहा है। मेरी पक्षकार द्वारा अपने खाते का कोई चेक किसी भी व्यक्ति को किसी भुगतान पेटे प्रदान नही किया, अगर मेरी पक्षकार के पति विजय मालवीय से मेरी पक्षकार के खाता के चेक क्रमांक 766651 से 766660 तक की सीरीज का कोई चेक न ले अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त चेकबुक का सर्वसाधारण में प्रयोग करता है या किसी भी व्यक्ति द्वारा चेक लगाए जाने की स्थिति में मेरी पक्षकार उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करा पाने की अधिकारी रहेगी तथा समस्त गुणदोष एवं परिणामों की जवाबदारी विजय मालवीय और चेक नगदीकरण हेतु प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति की होगी। लिहाजा सर्वसाधारण जानकारी जाने और अमल करें।

आशीष कुमार केवट
सिविल कोर्ट गाडरवारा जिला नरसिंहपुर
अधिवक्ता वास्ते पक्षकार
मोबा. नं. - 9165723266, 7000246158

## समय पर राशि का भुगतान न होने के चलते दम तोड़ते हुये नजर आने लगे सांझा चूल्हा, उधारी से काम चल रहे समूह बन रहे कर्जदार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जिस प्रकार से शासकीय स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों सहित आंगनबाड़ी के छात्रों को पोषण युक्त अहार प्रदान करने हेतु साझा चूल्हा पोषण आहार कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। मगर अब वह अब दम तोड़ते हुये नजर आने आने से नही चूक रही है? बताया जाता है कि शासन की इस योजना से बच्चों को लाभ तो मिल रहा है वही दूसरी ओर इनके संचालन की जिम्मेदारी समूहों के हाथों में होने के चलते अनेक लोगों को रोजगार भी प्राप्त हो रहा है। मगर इसके सही संचालन को लेकर अधिकारियों की अनदेखी कही जावे या फिर सरकार की बेरूखी का परिणाम जिसके चलते यह सांझा चूल्हा दम तोड़ते हुये नजर आने से नही चूक पा रहे है? बताया जाता है कि इस योजना के तहत शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं के आलवा आंगनबाडी केन्द्रो के बच्चों को पोष्टिक आहार दिया जाता है जिसमें निर्धारित दिवस पर अलग अलग प्रकार का भोजन देने की व्यवस्था समूहो के हाथों में होती है। मगर कहा जाता है कि इन समूहों को यदि समय पर राशि नही मिलेगी तो फिर यह गरीब बच्चों को भोजन कैसे उपलब्ध करा पायेगें? इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर समय पर राशि उपलब्ध नही होने के कारण भोजन प्रदान करने वाले समूहों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करते हुये कर्जदार बनते हुये देखा जा रहा है।











खबर संक्षेप

## नव नियुक्त सीईओ जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी ने पदभार ग्रहण किया



डिंडौरी। जिला पंचायत डिंडौरी में नव नियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी ने पदभार ग्रहण किया। श्री चौधरी भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के 2021 बैच के अधिकारी हैं। पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) डबरा, जिला ग्वालियर के पद पर पदस्थ थे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री चौधरी ने जिला पंचायत कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। जिला पंचायत परिवार द्वारा सीईओ श्री चौधरी का स्वागत किया गया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं।

## सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण में डिंडोरी जिला अव्वल



डिंडौरी। नवागत कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अधिकारी शिकायतों के निराकरण में तत्परता दिखा रहे हैं। विगत एक सप्ताह में 500 से अधिक शिकायतों का शिकायतकर्ताओं की सहमति से संतोषजनक निराकरण किया गया है तथा शेष शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार जिला डिंडोरी वर्तमान में श्रेणी 'B' के अंतर्गत 70.65 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन की सतत निगरानी और अधिकारियों की सक्रियता का परिणाम है।

## तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य की काली करतूत हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। दुनिया भर में भ्रष्टाचार की तरह-तरह से खबरें देखने को मिलती है लेकिन मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में अच्छी बुरी जो भी खबरे बनकर निकलती है किसी ऐतिहासिक से कम नही रहती। जिले के ताजे एक मामले में उच्च शिक्षा विभाग के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस आफ कालेज तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर की आई है जिसमे प्राचार्य ने 1 वर्ष के अंदर जितना बड़ा भ्रष्टाचार का खेल खेल लिया उतना महाविद्यालय की नींव से लेकर आज तक के इतिहास में नही हुआ था। आपको बता दें कि प्राचार्य ने महाविद्यालय में लगे बगिया के क्यारियों की पुताई लाखों रुपए की लागत में कराई है जो हवा हवाई नही बल्कि महाविद्यालय के मद से प्राचार्य के द्वारा किये गए फर्जी बिल भुगतान गवाही दे रहे हैं। इसी तरह प्राचार्य द्वारा बाउंड्रीवाल, आंगन भवन सहित तमाम जगह से अलग अलग नियम विरुद्ध तरीके से फर्जी बिल बनाकर जिले में अब तक के इतिहास में बहुत बड़ी तो नही फिर भी लगभग आधे करोड़ रुपये की इबारत लिख दी है। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कालेज तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य की काली करतूत तब उजागर हुई जब इनके द्वारा कराए गए कार्य के फर्जी बिल सोशल मीडिया के माध्यम से समुद्र में नाव की तरह उतराने लगी। जनचर्चा के मुताबिक प्राचार्य द्वारा जिस तरह से भ्रष्टाचार कर दिनेश आर्ट के नाम से फर्जी बिना, निविदा, टेंडर, के अपने पद का दुरुपयोग करते हुए चार लाइन का कार्यादेश जारी कर सरकारी राशि का दोहन किया गया है, उसे देखने के बाद ऐसा लग रहा मानो प्राचार्य ने महाविद्यालय भवन सहित चबूतरा बाउंड्रीवाल में सोने, चांदी की परत को बिल धारक दिनेश के साथ मिलकर चढ़ा दिया हो।

## युवा सीख रहे मिट्टी से कलात्मक सामग्री बनाना

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत माटी कला उद्यमियों का जिले में 45 दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में संचालित किया जा रहा है।

# कोल्ड सिरप पर हुई कार्रवाई

# झोलाछाप डॉक्टरों पर प्रशासन मौन

जिले में प्रतिबंधित कोल्ड सिरप को लेकर प्रशासन ने तो तत्परता दिखाते हुए मेडिकल स्टोर्स की जांच कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली, लेकिन शहपुरा और मेहंदवानी विकासखंड में तेजी से फैल रहे झोलाछाप डॉक्टरों के नेटवर्क पर अब तक कोई कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े कर रहा है।




डिंडोरी/शहपुरा

ग्रामीण अंचलों में ऐसे दर्जनों फर्जी डॉक्टर खुलेआम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। न डिग्री, न अनुभव फिर भी ये झोला लटकाए डॉक्टर गांव-गांव में क्लिनिक चलाकर लोगों को इंजेक्शन और दवाएं दे रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन सबकुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे बैठा है। आए दिन ये झोलाछाप गलत दवाइयों के कारण ग्रामीणों की सेहत बिगाड़ रहे हैं, लेकिन विभागीय अफसर सिर्फ कागज़ी जांच और प्रेस नोट तक सीमित हैं।आम जनता का सवाल सीधा है जब प्रशासन प्रतिबंधित सिरप पर सख्त कार्रवाई कर सकता है, तो बिना डिग्री वाले इन झोलाछाप डॉक्टरों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं?ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जन आंदोलन की राह पकड़ेंगे।अब देखने वाली बात यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर नींद से जागेगा, या फिर जनता की सेहत इसी तरह झोलाछापों के भरोसे छोड़ दी जाएगी।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओंकार मरकाम का नगर में हुआ जोरदार स्वागत

# पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने की पार्टी में वापसी

शहपुरा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ओंकार मरकाम के स्वागत में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय राय के नेतृत्व में एक भव्य बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई, इसके बाद जिला अध्यक्ष ओंकार मरकाम ने सभी कार्यकर्ताओं का तिलक वंदन कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी में "नेताओं का नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं का सम्मान पहले होगा।मरकाम ने इस अवसर पर 'वोट चोर गद्दी छोड़' राष्ट्रव्यापी अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश भी दिए और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का सबसे विशेष क्षण तब आया जब नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं सक्रिय कार्यकर्ता राजेश गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी में पुनः वापसी की। उनकी वापसी पर डिंडौरी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओंकार मरकाम ने उनका तिलक-वंदन कर पूरे सम्मान के साथ स्वागत किया। राजेश गुप्ता की वापसी से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक स्वर में कांग्रेस पार्टी को और मज़बूत बनाने का संकल्प लिया।ब्लॉक अध्यक्ष संजय राय ने कहा कि ओंकार मरकाम के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए हर कार्यकर्ता तैयार है।



# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला एक्शन प्लान एवं विजन 2030 हेतु बैठक सम्पन्न

डिंडौरी।

कलेक्टर कमिश्नर कांन्फ्रेंस में म.प्र. शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदशन में संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में चिन्हांकित 687 ग्रामों का विलेज एक्शन प्लान सेवा पर्व के दौरान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक तैयार किया गया। यह प्लान ग्राम नोडल अधिकारी एवं ग्राम सचिव द्वारा भारत सरकार के आदि प्रसारण पोर्टल पर अपलोड किया गया है। साथ ही सभी चिन्हांकित ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है, जहाँ सप्ताह में एक दिन सभी विभागों के ग्राम स्तरीय कर्मचारी एक साथ उपस्थित होकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान करेंगे।

इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ जिले का एक्शन प्लान तैयार किया गया। जो नोडल विभाग सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के माध्यम से प्रस्तुत विभागीय प्रस्ताव को आगामी वर्ष में आयोजित विजन 2030 तक का कार्ययोजना (एक्शन प्लान) प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के लक्ष्यों के अनुरूप विजन 2030 तक का कार्ययोजना (एक्शन प्लान) प्रस्तुत किया गया। इस आधार पर जिला स्तरीय एक्शन प्लान तैयार कर नोडल विभाग जनजाति कार्य विभाग, मध्य प्रदेश शासन को प्रेषित किया जाएगा।

# जिले में भू-अभिलेख अभिलेखों के संधारण कार्य प्रगति का किया निरीक्षण

डिंडौरी।

कलेक्टर कमिश्नर में म.प्र. शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन के निर्देशानुसार जिले में चल रहे भू-अभिलेख अभिलेखों के संधारण एवं स्कैनिंग कार्य की प्रगति का जायजा लेने शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के द्वारा भू-अभिलेख शाखा, भू-अभिलेख कार्यालय और स्कैनिंग कक्ष का अवलोकन किया। जहां पर भू-अभिलेख अधिकारी ने बताया कि जिले के खसरा, बी-1, जमाबंदी बी-1, नामांतरण पंजी, अधिकार अभिलेख, री-नंबरिंग सूची, निस्तार पत्रक, वाजिब उल अर्ज, राजस्व न्यायालयीन प्रकरण के रिकार्ड/पंजी, सी-2 रजिस्टर, भूमि पर लगाए गए डायवर्सन और किराए का रिकार्ड आदि अभिलेखों को स्कैनिंग कर ऑनलाइन किया जा रहा है जिसका 16 सितंबर से लगातार स्कैनिंग कार्य किया जा रहा है। दिनांक 10 अक्टूबर 2025 तक 1 लाख 53 हजार 354 अभिलेखों का



स्कैनिंग कार्य पूरा हो चुका है जिले में 20 अभिलेखों का स्कैनिंग कार्य किया जाना है। कलेक्टर ने स्कैनिंग कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय-सीमा के अन्दर स्कैनिंग कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। स्कैनिंग कार्य में सहयोग हेतु पटवारी, भू-अभिलेख का स्टॉफ नियमित रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 10 दिवस के अन्दर स्कैनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने अधीक्षक भू-अभिलेख को निर्देश दिए कि भू-अभिलेखों का संधारण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण किया जाए। स्कैनिंग कार्य 2011-12 से पूर्व के सभी अभिलेखों का किया जाना है ताकि अभिलेखों का डिजिटलीकरण कर सुरक्षित रूप से संरक्षित किया जा सके। जिससे आम जनता एवं किसानों को डिजीटल होने के कारण अभिलेखों को प्राप्त करने में सुविधा होगी। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर जेपी यादव, अधीक्षक भू-अभिलेख रेवा झारिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ

# जिला अस्पताल में कर्मचारियों एवं युवाओं ने ली तम्बाकू छोड़ने की शपथ




डिंडौरी।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ बुधवार को जिला चिकित्सालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सरस ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सारिका मंटू नायक (उपाध्यक्ष, नगर परिषद) एवं श्री रजनीश राय उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डे तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय राज के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल अधिकारी डॉ. धर्मवीर मार्को एवं जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक ओमप्रकाश उरैती ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत में हर वर्ष करीब 13 से 14 लाख लोग तंबाकू जनित बीमारियों से मृत्यु को प्राप्त होते हैं। सभी प्रकार के कैंसर में एक तिहाई तंबाकू सेवन के कारण होते हैं। डॉ. मार्को ने कहा कि युवाओं में तंबाकू सेवन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए समाज को जागरूक होना आवश्यक है। अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू उत्पादों के आकर्षण, भ्रामक विज्ञापन और ग्लैमराइज्ड मार्केटिंग से बचाना है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों, नर्सिंग स्टाफ, युवाओं एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से "तंबाकू छोड़ने की शपथ" ली कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर हॉस्पिटल प्रबंधक योगेंद्र उईके, राजेश मरावी, राजकुमार साहू, पूनम सिंह, नविता पटेल सहित जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे। ओपीडी में भी मरीजों एवं परिजनों को तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन तंबाकू मुक्त समाज और स्वस्थ भविष्य के संकल्प के साथ किया गया।

## बजरंग दल की पहल से आवारा पशुओं को मिला सुरक्षा कवच

**अमरकंटक हरिभूमि न्यूज।** नगर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और आवारा पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बजरंग दल अमरकंटक इकाई ने एक अनोखी पहल शुरू की है। दल के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों के गले में रेडियम पट्टियाँ बांधने का अभियान प्रारंभ किया है, ताकि रात के समय वाहन चालकों को ये पशु दूर से ही दिखाई दें और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

### दुर्घटनाओं को रोकने का प्रयास

नगर संवाददाता उमाशंकर पाण्डेय 'मुन्नू' के अनुसार, यह अभियान विशेष रूप से उन पशुओं के लिए है जिन्हें उनके मालिकों द्वारा लावारिस छोड़ दिया गया है और जो अक्सर सड़कों पर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बीती रात नगर के विभिन्न मार्गों पर घूमकर इन पशुओं को चिन्हित किया और उनके गले में चमकने वाली रेडियम पट्टियाँ बांधीं।

### जनजागरूकता का संदेश भी

बजरंग दल के नगर प्रमुख अंकुश द्विवेदी ने बताया कि "हम प्रतिदिन रात में नगर के अलग-अलग इलाकों में जाकर इन पशुओं को 'सुरक्षा कवच' प्रदान कर रहे हैं।

# एसडीएम बजाग श्री रामबाबू ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण

डिंडौरी।



अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजाग रामबाबू देवांगन ने आज 10 अक्टूबर को ग्राम पंचायत सढवाछापर के टिकराटोला एवं भर्राटोला का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदनों के आधार पर किया गया। एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन ने दूरस्थ क्षेत्र में पैदल पहुंचकर आवागमन हेतु पक्की सड़क, अधूरे पड़े पुलिया निर्माण कार्य तथा पेयजल हेतु सार्वजनिक कुएं की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही अधूरे पड़े पुलिया निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु जनपद पंचायत के उपयंत्री को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण कर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा पेंशन, राशन वितरण और अन्य जनसमस्याओं के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उपसरपंच, पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षु अधिकारियों का डिंडोरी जिले का अध्ययन दौरा



**डिंडौरी।** विभिन्न विभागों के प्रशिक्षु अधिकारियों ने अध्ययन भ्रमण के तहत डिंडोरी जिले का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डिंडोरी से सौजन्य भेंट की और जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला स्व-सहायता समूह की गतिविधियों, सिंचाई व्यवस्था, महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति और स्थानीय संस्कृति का गहन अध्ययन किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनके अनुभवों और समस्याओं को जाना तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन भी किया। दौरे में पुलिस, आबकारी, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के प्रशिक्षु अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने कहा कि यह अध्ययन भ्रमण उनके लिए एक प्रेरणादायी अनुभव रहा, जिससे उन्हें ग्रामीण जीवन, प्रशासनिक चुनौतियों और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति को समझने का अवसर मिला। अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव ने प्रशिक्षुओं को डिंडोरी जिले की विशेषताओं एवं प्रशासनिक प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए उन्हें भविष्य में बेहतर जनसेवा के लिए प्रेरित किया

## खबर संक्षेप

### गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के तहत छात्रों को किया पुरस्कृत



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस भारत विकास परिषद तेंदूखेड़ा के द्वारा हाई स्कूल पीपरवानी पान मे गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिषद के संरक्षक रजनीश जैन के द्वारा अपनी पूज्य माता जी स्व श्रीमती क्षमाबाई जैन की 11 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय के सभी 130 छात्र-छात्राओं को पानी की बॉटल प्रदान की गईं एवं शाला के शिक्षकों का सम्मान श्रीफल प्रमाण पत्र से सम्मान किया गया। इस मोके पर राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षक जितेन्द्र शर्मा प्रांतीय संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल सरपंच श्रीमती जानकी चौरसिया पूर्व सरपंच नीरज राव श्याम तिवारी पूनम मिश्रा शाखा तेंदूखेड़ा से संरक्षक रजनीश जैन अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर कोषाध्यक्ष पंकज स्वदेशी सचिव अमित खरे संस्कार प्रमुख त्रिलोक जैन सेवा प्रमुख मुन्ना साहू सहित स्कूल के शिक्षक गण एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि हम छोटे बच्चों की देखभाल करते हैं वैसे ही हमें पेड़ों की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि कुछ वर्ष बाद हमें पानी की विकराल समस्या आयेंगी उसके लिए हमें पानी का जितना उपयोग हो उतना ही करें व्यर्थ ना बहायें ।आशुतोष वर्मा ने कहा कि मां के कारण ही हम सब यहां आपके सामने है इसलिए बच्चों से अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने मुकाम हासिल कर सकें। पूर्व सरपंच नीरज राव ने भी स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डाला साथ में कैलाश पटेल रजनीश जैन त्रिलोक जैन ने भी अपने अपने विचार रखे।

### अवैध हथियारों के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर घूम रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी अजय राजपूत निवासी गढ़रियाखेड़ा, थाना ठेमी, साबिर खान निवासी गोटेगांव, मो. बिलाल निवासी गोटेगांव के कब्जे से 2 देशी कट्टे, 1 देशी पिस्टल एवं 3 जिंदा कारतूस जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना ठेमी में धारा 25 (1), (ए), 25 (1), (बी), 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### रेलवे अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर नरसिंहपुर एवं पिपरिया रेलवे अस्पताल में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें रेलवे कर्मचारियों और उनके परिजनों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे डॉक्टर आर.आर. कुर्रे ने सभी उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक परामर्श व उपचार प्रदान किया। डॉ. कुर्रे ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम सेवाओं तक पहुंच, आपदाओं एवं आपात स्थिति में मानसिक स्वास्थ्य रखी गई है। इस थीम का उद्देश्य यह संदेश देना है कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल हर व्यक्ति का अधिकार है और आपात स्थितियों में इसकी सुलभता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। डॉ. कुर्रे ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, अवसाद और चिंता जैसी मानसिक समस्याएं कार्य स्थलों पर तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका समय पर इलाज न होने पर गंभीर आर्थिक और सामाजिक प्रभाव पड़ सकता है।

## जिला अस्पताल प्रबंधक पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

# नौकरी का झांसा देकर घर बुलाकर किया दुष्कर्म

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी महिला द्वारा थाने पहुंच कर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया पुलिस ने बताया कि जिला अस्पताल के प्रबंधक अजीत तिवारी पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फरार हुए तिवारी की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया महिला को आरोपी द्वारा नौकरी का झांसा देकर घर बुलाया गया उसके बाद महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।

### खाना बनाने का काम करती थी महिला

पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने पति और बच्चों के साथ शहर में किराए के मकान में रहती है। अगस्त-सितंबर माह में उसने जिला अस्पताल नरसिंहपुर में मरीजों के लिए खाना बनाने का काम किया था। जिससे अस्पताल प्रबंधक होने के कारण परिचय हो गया था। इसी




दौरान आरोपी अजीत तिवारी ने उसे अस्पताल में बेहतर नौकरी दिलाने का लालच दिया था। आरोपी द्वारा महिला को नौकरी का झांसा देकर घर बुलाया गया और घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला



पंजीबद्ध कर लिया गया है।

### नौकरी के लिए पहुंची महिला

पीड़िता के अनुसार उसके द्वारा 4 सितंबर से जिला अस्पताल मे खाना बनाने का काम छोड़ चुकी थी। महिला काम तलाश में थी इस संबंध में कई बार अजीत से बात करने के बाद 9 अक्टूबर की शाम करीब 5:30 बजे वह अजीत तिवारी के घर काम की बात करने गई। पीड़ित ने बताया कि अजीत ने उसे घर के अंदर बुलाया और फिर अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने दरवाजा बंद कर दिया और बलपूर्वक दुष्कर्म किया। महिला के चिल्लाने पर भी किसी को पता नहीं चल सका, क्योंकि कमरा घर के अंदरूनी हिस्से में था। पीड़ित किसी तरह वहां से बाहर निकली और सीधे थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

### आरोपी की तलाश में पुलिस

उक्त में पुलिस द्वारा बताया गया कि महिला की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधक अजीत तिवारी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा आरोपी की तलाश जारी है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। एसडीओपी मनोज गुप्ता ने बताया कि महिला किसी काम के सिलसिले में आरोपी के घर गई थी। दस्तावेज देने के बाद आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया। महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। अब देखना होगा कि पुलिस आरोपी को कब तक पकड़ने मे सफलता प्राप्त कर पाती है।

## नशा मुक्त ग्राम बनाने की रखी मांग, सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम पिपरिया निवासी ग्रामीणों द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्रामीणों ने गांव में अंग्रेजी और देसी शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि 3 सितंबर 2025 को सर्व समाज और ग्राम के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में नशामुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति गांव में शराब बनाता या बेचता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सामाजिक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उसे सामाजिक कार्यक्रमों से भी बहिष्कृत किया जाएगा। ग्रामवासियों ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया कि शराब के सेवन से गांव, परिवार और समाज पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। नशे की वजह से कई बार झगड़े, चोरी और अन्य आपराधिक घटनाएं भी सामने आती हैं, जिससे गांव के सामाजिक और धार्मिक वातावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि गांव में शराब की बिक्री और निर्माण पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का भी आग्रह किया। इस दौरान महेश, हेमराज, बसारी, दमालु सिंह, बलीराम, अभिषेक, कृष्णा शंकर सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गांव में सामाजिक एकता और शांति बनाए रखने के लिए शराब पर रोक लगाना आवश्यक है।

## अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने की तीन मामलों में कार्यवाही



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा अनुविभाग के अंतर्गत तीन अलग-अलग मामलों में सफलता मिली है। हमारे प्रतिनिधि को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिनव मिश्रा ने बताया कि चौकी बरमान थाना सुआतला के अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में संपूर्ण जिले में अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत ग्राम मिढली टोरिया के समीप पुराने क्रेशर जाने वाले रास्ते पर राजू पिता स्व कालूराम गौड़ उम्र 19 वर्ष निवासी लोलरी के पास ले 1.20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया जिसका बाजार मूल्य 20 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी को 8/20 29 एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।दूसरा विषय एन एच 44 मुख्य सड़क मार्ग पर आरोपी रशीद खां पिता करीम खां उम्र 42 निवासी देवरी जिला सागर के पास से 1.30 किलोग्राम अवैध रूप से गांजा जब्त किया गया जिसकी बाजार 25 हजार रुपए बताई गई है।अवैध गांजा विक्रय करने परिवहन में प्रयुक्त की जा रही मोटरसाइकिल डीलक्स एम पी 15 जेड जे 6638 को भी जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 29 एन डी पी एस के तहत जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। उक्त दोनों कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आशीष बोपचे सहा उ नि संतोष सिंह प्रधान आरक्षक रंजीत पटेल आरक्षक हिमांशु आशीष अनुराग एवं गजराज की मुख्य भूमिका रही।

### ढाई क्विंटल बिजली का तार किया बरामद

सुआतला थाने के अंतर्गत ग्राम बंधी सरसला में 11 के व्ही विद्युत लाइन का तार चोरी जाने की शिकायत थाने में की गई थी।मामलें को तत्परता से लेते हुए सी सी टी वी फुटेज मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगभग पांच खंबों से चोरी करने वाले गणेश रैकवार निवासी बीटा फूलर शहपुरा तथा उसके दो जीजा बड्डु वर्मन निवासी ग्राम बम्होरी तथा डालचंद रैकवार निवासी औरैया कटंगी को घेराबंदी कर गिरफ्तार करते हुए प्रयुक्त की गई दो मोटरसाइकिल भी जब्त कर आरोपियों को जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में सुआतला थाना प्रभारी बी एल त्यागी प्र आ कीरत विश्वकर्मा आरक्षक अखिलेश पटेल अजय ठाकुर कृष्णकांत लखेरा की सराहनीय भूमिका रही।

## जेल में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के नेतृत्व में आज 09 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय जेल में डॉ प्रशांत सोनी नोडल अधिकारी, मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति नरसिंहपुर, डॉ इमाम मंसूरी काउंसलर, डॉ रामूप्रसाद रजक पी.पी.सी. एवं डॉ चंदड़ पाटकर की उपस्थिति में लोक कला प्रस्तुति अभियान के तहत समरयश नाट्य संस्था जबलपुर की टीम प्रियंक कश्यप, प्रकाश साहू, गोलू अहिरवार, हर्षित कहार, रंजीत पटेल, निलेश, जय जेतवानी, श्रीमती नीशा ठाकुर



एवं श्रीमती आरती बर्मन द्वारा नाट्य के माध्यम से एड्स जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीम द्वारा अभियान के तहत बंदियों को बताया गया कि व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में पलायन कर धूम्रपान, शराब एवं नशीले पदार्थों के सेवन कर असुरक्षित यौन संबंध बनने से एच.आई.व्ही. एड्स से कैसे ग्रसित होता है, नाटक के माध्यम से बंदियों को अवगत कराया गया। उक्त आयोजन में जेल अधीक्षक अजमेर सिंह ठाकुर सहित समस्त सुरक्षा स्टॉफ उपस्थित रहा।

## केंडिल मार्च कर नवजातों को दी श्रद्धांजलि



**तेंदूखेड़ा** विगत दिनों छिंदवाड़ा में एक जहरीले कप सिरप ने 17 से अधिक नवजात शिशुओं की जान ले ली है।इस घटना से लगभग हर वर्ग स्तब्ध सा रह गया है। जिनके घरों के चिराग बुझे है वह तो शोक में हैं ही लेकिन इस बड़ी लापरवाही से हर वर्ग में रोष है और लापरवाही करने वाले जवाबदारों को कठोर दंड की मांग कर रहे हैं। वहीं ब्लाक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा के द्वारा भी तेंदूखेड़ा के गांधी स्मारक पर केंडिल मार्च कर नवजातों को अपनी अपनी श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के स्तीफे की मांग की गई है। तथा स्पष्ट किया कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पटरी के नीचे चल रही है। अराजकता का माहौल है अधिकारी कर्मचारी प्रशासन के नुमाइंदे अपनी मनमानी पर उतारु हैं सरकार लगाम लगाने में लाचार बनीं हुई है। यदि तत्काल प्रभाव से दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही नहीं हुई तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वैनर तले एक बृहद स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।इस मौके पर सभी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोरखपुर उत्तर प्रदेश की महिला, गोटेगांव से अपहरण की कहानी, बलसाड़ गुजरात से बरामद



### अपहरण का बनाया गया था मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ निकला, अपनी स्वेच्छा से प्रेमी के साथ गुजरात गई थी लड़की

**गोटेगांव।** विगत दिवस को आकाश पिता कन्हैया शर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी मुजावर मोहल्ला गढ़ा जबलपुर में थाना गोटेगांव में रिपोर्ट कराया कि वह और उसकी पत्नी नेहा शर्मा जबलपुर से झोतेश्वर दर्शन करने आये थे तभी अचानक बगासपुर रामनिवारी के बीच एक सफेद रंग की कार अर्टिगा में सवार कुछ लोग आये और उसकी पत्नी को मोटरसाईकिल से उतार कर उसके दो साल के बच्चे सहित कार में बैठाकर बल पूर्वक अपहरण कर ले गये। घटना की गंभीरता को देखते हुये सूचना जिले के पुलिस कप्तान ऋषिकेश मीणा व पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई, तत्काल पूरे जिले में नाका बंदी एवं चैकिंग की गई किंतु महिला बरामद नहीं हो सकी। फरियादी से प्रारंभिक तलाश एवं नाकाबंदी बाद देर रात तक गहन पूंछतांछ की गई जिसने बताया कि उसकी पत्नी नेहा शर्मा गोरखपुर उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी तथा दिनांक 21.09.2025 को शादी डॉट कॉम के माध्यम से दोनों की शादी हुई थी किंतु शादी के बाद भी वह अपने मित्र विशाल चौधरी निवासी बलसाड़ गुजरात से बात किया करती थी इस कारण फरियादी ने अपहता नेहा शर्मा की सिम 22.09.2025 को लेकर तोड़कर फेंक दिया था। उक्त महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर थाना गोटेगांव से थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के निर्देशन में एक विशेष टीम बनाकर जिसमें उपनिरीक्षक ऋषिराज रजक, प्र. आरक्षक 213 सागर, आरक्षक नितिन दाहिया, मेघराज तिवारी, महिला आरक्षक दिव्यानी को तत्काल बलसाड़ गुजरात रवाना किया गया जहां पर अपहृता नेहा शर्मा अपने प्रेमी विशाल चौधरी के बरामद हुई। उक्त महिला की बरामदगी कर महिला को न्यायालय पेश किया गया । जिसने सम्पूर्ण घटना क्रम अपने पति आकाश की जानकारी में होना बताई प्रकरण के फरियादी के साथ रहने में असुविधा होने से अपने प्रेमी विशाल चौधरी पिता पांडूरंग चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी गांधी वाड़ी ईडब्लूएस कॉलोनी उमरगांव जिला बलसाड़ गुजरात के साथ अपनी मर्जी से जाना बताई प्रकरण में महिला को वन स्टॉप सेंटर नरसिंहपुर भेजा गया तथा उसके परिजनों को गोरखपुर उत्तरप्रदेश में सुचित किया है। प्रकरण मे महत्वपूर्ण भूमिका सायबर सेल नरसिंहपुर से प्र.आर. देवेन्द्र, म. आर. कुमुद पाठक, , उनि. जयावति कुडोपे आर. 713 रविन्द्र कुशवाहा शामिल थे।

## वारिस के चलते दीपावली की चमक फीकी



### नहीं बन पा रहे मिट्टी के दिये और खेल खिलौने



**तेंदूखेड़ा।** गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष हुई लंबे समय तक वारिस के कारण जहां खरीफ मौसम की फसलों पर विपरीत असर पड़ने के साथ साथ रवि मौसम की बोनी भी पिछड़ गई है।वहीं दीपावली की चमक साज सज्जा लिपाई पुताई पर भी इसका विपरीत प्रभाव देखने को मिल रहा है। तो ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले मिट्टी के कार्य आंगन ओंटा टिप्टी भी नहीं बन पा रहे हैं।जिन दियों में बाती और तेल भरकर उजाला होता है वह कार्य भी पिछड़ गया है।जिस कारण से जहां मिट्टी से वर्तन दीपक खेल खिलौना बनाने वाले मजदूरों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा होता दिखाई दे रहा है।

हर साल दीपावली पर्व के दौरान बड़ी संख्या में मिट्टी के दीपक और मढ़ई मेलों के दौरान खेल खिलौने बेंचने वाले रामरतन प्रजापति का कहना है कि इस साल वारिस अभी तक चलने के कारण जहां मिट्टी से बनने वाले दीपक और खेल खिलौने सुखाने भट्टा लगाने की समस्या बनीं हुई है।जब तक खुलकर धूप नहीं निकलेगी तब तक दियों और मिट्टी से बनें खेल खिलौनों को सुखा पाना संभव नहीं है।ऐसी स्थिति में आर्थिक तंगी के साथ जीविकापार्जन की समस्या बन जायेगी हर साल इस सीजन में 25 से 50 हजार रुपए दीपावली के पूर्व से बाद ग्यारस तक कमा लेते थे।वैसे भी आजकल लोग बाहर से सांचे वाले दीपकों का उपयोग करने लगें हैं इससे हम लोगों के व्यवसाय पर पड़ा प्रभाव पड़ रहा है।

### अपेक्षा से भी कम बिक्री

विभिन्न प्रकार के पेंट्स रंग डिस्टेंपर विक्रेता पियूष जैन बताते हैं कि विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष बिक्री बहुत कम बनीं हुई है। दीपावली को मात्र 10 दिन शेष रह गए हैं। और अभी बहुत माल वाकी पड़ा हुआ है। लगातार बरसात मौसम के कारण लोगों के द्वारा घरों की लिपाई पुताई काफी लेट शुरू हो पाई है। पितृपक्ष के बाद से लोग घरों की सफाई लिपाई पुताई शुरू कर दिया करते थे लेकिन इस बार अभी तक शुरू नहीं हुआ है। एक दिन छोड़ एक दिन बाद बादल छाए रहने से लोग असमंजस में पड़े हुए हैं।

### किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी

खरीफ मौसम में सोयाबीन मक्का एक नगद फसल के रुप में बहुत बड़ा आसरा हुआ करता था लेकिन इस बार लगातार जारी वारिस ने जहां सोयाबीन अरहर मक्का और धान फसल को नुकसान पहुंचाया है उससे किसानों को आसरा तो दूर की बात लागत निकलने की बजाय कर्ज में आ गए हैं। कीटनाशकों बीजों और वोनी लगवाई तक का पैसा देना अभी बाकी बना हुआ है।अधिकांश किसान फसलें बोवनी के लिए बंचित रह गये थे कम से कम बीज और कीटनाशक दवाईयों से बच गये थे लेकिन जिन किसानों ने फसलें लगा रखी थी वह तो दोनों तरफ से चले गये। सोयाबीन मक्का तो चला ही गया था अरहर में विभिन्न प्रकार के रोग लगे हैं।धान भी दवाईयों के कारण कुछ स्थानों पर बची है वर्तमान में बाली आ रही है ऊपर से हवा और पानी से यदि फसल आड़ी हो गई तो फिर हाथ कुछ नहीं लगने वाला है।

## जबलपुर संभाग कुराश संघ द्वारा आयोजित की गई पत्रकार वार्ता




**गोटेगांव** विगत दिवस जबलपुर संभाग कुराश संघ द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें बताया गया कि 11वी राज्य स्तरीय जूनियर राज्य कुराश चैंपियनशिप 2025 (बालक बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार गोटेगाँव में किया जा रहा है... इस प्रतियोगिता मे मध्य प्रदेश के सभी संभाग भोपाल, चंबल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, सागर, शहडोल और उज्जैन के सभी प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, ये नरसिंहपुर जिले के नगर गोटेगाँव के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है. ऐसी प्रतियोगिताओ से स्थानीय बच्चों को खेलो के प्रति रूचि बढ़ेगी... इस आयोजन का मकसद ही बच्चों को खेलो के प्रति आकर्षित करना है एवं खेलो को बढ़ावा देना है.. इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता जो की पटना बिहार में जनवरी में आयोजित होगी उसमे अपने मध्य प्रदेश का नाम रोशन कर हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा एवं मध्य प्रदेश खेल विभाग द्वारा सम्बंधित छात्र-छात्राओं को ट्रैक सूट दी जाएगी...

दो दिवसीय इस आयोजन का आरम्भ 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे ब्राम्हचारी स्वामी अचलानंद महाराज (परमहंसी) एवं पूर्व विधायक संजय शर्मा द्वारा प्रखर गार्डन मे किया जायेगा इस आयोजन के आयोजक जितिन राज एवं बिभोर बबेले है.।